# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर

**अपील संख्या :– 14 / 2022**

बृजमोहन गोस्वामी –अपीलार्थी

बनाम

1. निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सम्भाग जोधपुर।
3. सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जैसलमेर।

–प्रत्यर्थीगण

**आदेश की दिनांक** : 19.07.2024

**उपस्थित –**

अपीलार्थी की ओर से : श्री गजेन्द्र, अधिवक्ता

प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री शैलेन्द्र सिंह राठौड़, राजकीय अधिवक्ता

**समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)**
**असलम मेहर, सदस्य**

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने यह तथ्य अंकित किये हैं कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति कनिष्ठ लिपिक के पद पर दिनांक 25.01.1989 को हुई थी। प्रथम नियुक्ति की दिनांक 25.01.1989 से 9 वर्ष की सेवावधि पूर्ण कर लिए जाने पर प्रथम चयनित वेतनमान का लाभ दिनांक 25.01.1998 से देय होता है। अपीलार्थी को प्रथम चयनित वेतनमान का लाभ दिनांक 30.03.2004 से त्रुटिपूर्ण रूप से प्रदान किया गया, जबकि अपीलार्थी प्रथम नियुक्ति की दिनांक के 9 वर्ष बाद ही प्रथम चयनित वेतनमान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी था। अपीलार्थी 18 वर्ष की सेवावधि पूर्ण करने पर दिनांक 25.01.2007 से द्वितीय चयनित वेतनमान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी था एवं 27 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिनांक 25.01.2016 से तृतीय चयनित वेतनमान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी था। परन्तु अपीलार्थी को देय दिनांक से लाभ प्रदान नहीं किया गया। उपरोक्त तथ्य अंकित करते हुए अपीलार्थी ने निम्न प्रकार से प्रार्थना की हैः–

> ''अतः उपरोक्त अपील प्रस्तुत कर विनम्र निवेदन है कि उक्त अपील को सव्यय स्वीकार फरमाया जाकर प्रत्यर्थीगण को निर्देश दिए जाए की वे अपीलार्थी को उसकी प्रथम नियुक्ति दिनांक 25.01.1989 से क्रमश 09, 18 एवं 27 वर्षीय सेवा अवधि पूर्ण करने की क्रमशः दिनांक 25.01.1998, दिनांकः 25.01.2007 एवं दिनांक 25.01.2016 से देय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयनित वेतनमान के लाभ प्रदान करावे तथा उक्त चयनित

